# शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी, जिला–धमतरी(छ.ग.)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## <u>नियमित गतिविधि वार्षिक प्रतिवेदन</u>

**सत्र– 2024–25**








कश्मीर हो या कन्याकुमारी।   भारत माता एक हमारी।।

# <u>राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योग दिवस का आयोजन</u>

आज दिनांक 21.06.2024 के महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार महाविद्यालय के रासेयो इकाई व यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल यूथ रेड क्रॉस प्रभारी श्री अंकित कुमार, बोधवानी व महाविद्यालय के सहायक प्रध्यापक डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल तथा स्वयंसेवकों की उपस्थिति में प्रातः 7:00 बजे योग अभ्यास किया गया। डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने सभी प्राध्यापक को एवं स्वयंसेवकों को प्राणायाम, अनुलोम विलोम भास्त्रिका ,भ्रामरी , कपालभाति व आसन में पद्मासन, वज्रासन, गोमुखासन ,हलासन ,भुजंगासन, का अभ्यास करवाया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापको सहित कुल 30 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






# आमदी कॉलेज में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत छायादार और फलदार पौधों का रोपण

आज दिनांक 12.07.2024 को महाविद्यालय के रासेयो इकाई व युद्ध रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में नीम, करंज, बादाम ,बेल एवं पीपल जैसे छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिदृश्य व जलवायु संकट को ध्यान में रखते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के लिए जागरूक व प्रोत्साहित करना अति आवश्यक है। पृथ्वी को लंबे समय तक रहने योग्य बनाए रखने के लिए पौधारोपण महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रध्यापकों को सहित कुल 45 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।










# आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया

आज दिनांक 14.08.2024 को महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार तथा महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रभारी श्री डिगेश्वर अटल ,सहायक प्रध्यापक (भूगोल) के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने उपस्थित रासेयो स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमारे आसपास स्वच्छता रहने से हमारा मन व शरीर दोनों स्वस्थ रहता है। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक, डिस्पोजल के कचरों व छोटे–छोटे खरपतवारों को साफ किया। साथ ही गढ़ों  में रुके हुए पानी में मिट्टी डाले ताकि गंदे पानी से फैलने वाली बीमारियों को रोका जा सके।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक को सहित  कुल 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।











# आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण के लिए लिया शपथ

आज दिनांक 15.08.2024 को महाविद्यालय आमदी में प्राचार्य डॉ. श्री देवी चौबे के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जलजगार कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु शपथ लिया गया। महाविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने छात्र–छात्राओं को बताया कि धमतरी जिले के कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार पूरे जिले में लगातार जल–जगार अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डबरी व सोखता निर्माण, भूमिगत जल के दोहन को कम करना और वेस्ट वाटर मैनेजमेंट के माध्यम से शुद्ध पानी को जमीन के अंदर पहुंचना है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक को सहित कुल 67 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






## आमदी कॉलेज के स्वयंसेवको ने पौधा भेंट कर जल संरक्षण का दिया संदेश

आज दिनांक 22.8.2024 को महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवको ने नगर पंचायत आमदी में घर–घर जाकर लोगों को छायादार पौधा भेंट कर जल संरक्षण हेतु जागरूक किया। यह पूरा अभियान धमतरी जिले के जलजगार कार्यक्रम के प्रेरणा स्वरूप चलाया जा रहा है। स्वयंसेवकों ने नगर वासियों को बताया कि किस प्रकार वनों की अंधाधुंध कटाई, नदी तालाबों के किनारे अतिक्रमण व भूमिगत जल के अंधाधुंध दोहन से धमतरी जिले में पानी व सिंचाई के लिए पानी की कमी लगातार बढ़ रही है । इसलिए सघन वृक्षारोपण, डबरी व सोखता निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से इस समस्या को कम किया जा सकता है तथा लोगों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों को सहित कुल 52 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






# रासेयो इकाई द्वारा दैनिक गतिविधि के अंतर्गत रासेयो की सामान्य जानकारी प्रदान की गई

आज दिनांक 23.08.2024 को रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर के मार्गदर्शन में दैनिक गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें लगभग 52 स्वयंसेवक को ने हिस्सा लिया। आज के दैनिक गतिविधि कार्यक्रम मे स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के लिए शपथ दिलाया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐतिहासिक पहलुओं पर चर्चा की गई। स्वयंसेवकों को बताया गया कि किस तरफ भारत सरकार राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्कूल व महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं में समाज सेवा व व्यक्तित्व विकास के लिए प्रयास कर रहा है। स्वयंसेवकों को बताया गया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धांत वाफय **"मैं नहीं आप"** वसुधैव कुटुंबकम का सार बताता है तथा निस्वार्थ सेवा की आवश्यकता का समर्थन करता है। यह बताया है कि हम दूसरों के दृष्टिकोण की सराहना करने वाले बने तथा प्राणी मात्र के लिए सहानुभूति रखें। दैनिक गतिविधि के इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने भी समाज व राष्ट्र के विकास पर अपनी–अपनी दृष्टि को साझा किया।






# आमदी कॉलेज में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

आज दिनांक 27.8.2024 को महाविद्यालय परिसर में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल एवं रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने परिसर के खरपतवार, बिखरे हुए डिस्पोजल एवं पॉलीथिन की साफ सफाई किया। साथ ही पौधों में मिट्टी चढ़ाकर संरक्षण प्रदान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित 54 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






# रासेयो इकाई द्वारा नवप्रवेशित  स्वयंसेवकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 31.08.2024 को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. श्री डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में नवप्रवेशित स्वयंसेवको के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी ने किया तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी से प्रोफेसर श्री निरंजन साहू, रासेयो जिला संगठन, धमतरी व शासकीय महाविद्यालय कंडेल से रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर श्री पीतांबर सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र की पूजा अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात कुमारी डुमेश्वरी एवं साथी ने  रासेयो लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कुमारी संगीता एवं साथी ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं। प्रोफेसर श्री तरूण बेनर्जी ने  रासेयो उन्मुखीकारण कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया। रासेयो जिला संगठन प्रोफेसर श्री निरंजन साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने रासेयो के सिद्धांत ,वाफय ,थीम ,प्रेरणा स्रोत रासेयो चिन्ह , बैच,लक्ष्य उद्देश्य,सर्टिफिकेट व उसके लाभ, सात दिवसीय विशेष शिविर, जिला स्तरीय सिविल, राज्य स्तरीय शिविर, राष्ट्रीय एकता शिविर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर श्री पीतांबर सिन्हा ने राष्ट्रीय सेवा योजना से व्यक्तित्व निर्माण विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के  प्राध्यापकों  सहित कुल 68 स्वयंसेवक उपस्थित थे।











# आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने किया शिक्षकों का सम्मान

आज दिनांक 05.09.2024 को महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पीत कर हुआ। सहायक प्राध्यापक श्री अंकित कुमार बोधवानी ने शिक्षक दिवस के महत्व को बतलाते हुए कहा कि आज का दिन गुरु और शिष्य के बीच बने मधुर संबंध को जीने का और गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का त्यौहार है। हमें शिक्षक दिवस के दिन ही नहीं अपितु जीवन भर अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने भी गीत व भाषण के माध्यम से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालें।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित कुल 69 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व साक्षरता दिवस का आयोजन

आज दिनांक 9 सितंबर 2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के साथ ही महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ एवं रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित थे। मुख्य वक्ता डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने बताया कि साक्षर होना आवश्यक है, क्योंकि यदि हम साक्षर नहीं होंगे तो आज के समय में हम इस युग में बहुत पीछे हो जाएंगे। साक्षरता का तात्पर्य यह नहीं कि सिर्फ पढ़ाई लिखाई हो। साक्षरता का अर्थ ज्ञान एवं शिक्षा से है जिसमें आपको अपनी रुचि जागृत करना मुख्य उद्देश्य होता है। सहायक प्राध्यापक श्री अंकित कुमार बोधवानी ने बताया कि यूनेस्को ने 7 सितंबर 1965 को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस मनाने की घोषणा किया था। तब से प्रतिवर्ष 8 सितंबर को विश्व साक्षरता दिवस मनाया जाता है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में 60 से अधिक स्वयंसेवकों का योगदान रहा।






# आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

आज दिनांक 14.09.2024 को महाविद्यालय आमदी जिला धमतरी में मतदाता जागरूकता अभियान जागव वोटर ''जागो'' कार्यक्रम के तहत रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापक भूगोल ने सभी छात्र–छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलवाया। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र–छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु अपील किया  व प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाइन में फॉर्म  भर कर आप स्वयं मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक को सहित कुल 68 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व ओजोन दिवस का किया आयोजन

आज दिनांक 17 सितंबर 2024 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल ने स्वयंसेवकों को बताया कि विश्व ओजोन दिवस की शुरुआत 1987 में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने के साथ हुई थी। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर 16 सितंबर 1987 को हुआ था। लेकिन 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र जनरल असेंबली के द्वारा 1994 – 95 में की गई थी। उन्होंने कहा कि ओजोन परत को पृथ्वी का छत कहा जाता है लेकिन प्रदूषण के कारण ओजोन परत में छिद्र हो गया है। इस ओजोन परत को सुरक्षित रखने के लिए हमें प्रयास करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न गीत कविताओं की प्रस्तुति दी। साथ ही वृक्षारोपण भी किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में 60 से अधिक स्वयंसेवकों का योगदान रहा।






# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया पोषण तिहार

आज दिनांक 20.9.25 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में ग्राम भिरई एवं भानपुरी के आंगनबाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पोषण तिहार एवं वजन तिहार का आयोजन किया गया। विदित हो की 12 से 23 सितंबर 2024 तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में पूजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 0–6 वर्ष आयु के बच्चों के वजन और ऊंचाई का मापन किया जा रहा है साथ ही उनके पोषण स्तर का भी जांच किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य को उनके बच्चों की सही पोषण स्थिति से अवगत कराते हुए प्रत्येक गांव में कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की सही स्थिति का पता लगाना है। स्वयंसेवकों ने आंगनवाड़ी में जाकर के इस कार्यक्रम में भाग लिया। वजन तिहार के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया।इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने गांव के महिलाओं एवं बड़े बुजुर्गों को कुपोषण के प्रति जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने अपना भागीदारी दिया।












# आमदी कॉलेज में राष्ट्रीय स्थापना दिवस का आयोजन

आज दिनांक 25.09.2024 को महाविद्यालय आमदी में प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रासेयो स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रासेयो लक्ष्य गीत ''उठे समाज के लिए उठे उठ'' के साथ हुआ। राजनीतिक विज्ञान के सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी ने कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रासेयो इकाई छात्र–छात्राओं को एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां वे विभिन्न शैक्षणेत्तर गतिविधियों में भाग लेते हैं, जो उनके व्यावसायिक कौशल, संचार कौशल व अभिव्यक्ति कौशल के विकास को सुनिश्चित करता है। वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री अंकित कुमार बोधवानी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना का संक्षिप्त परिचय देते हुए उसके उद्देश्यों एवं लक्ष्यो पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर राशियों का कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल के साथ ही स्वयंसेवक ईशा साहू व योगिता साहू ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापको सहित को 71 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






## रासेयो इकाई द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पलारी में स्वच्छता अभियान

आज दिनांक 29.09.2024 को महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा गांव के चौराहों तथा सार्वजनिक महत्व के अन्य स्थानों के पास फैली गंदगी को साफ किया गया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में अवगत कराया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों से सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की अपील की व सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरणीय क्षति से भी अवगत कराया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापको सहित कुल 48 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।











# महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर रासेयो स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

आज दिनांक 02.10.2024, महात्मा गांधी जयंती को शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल के कुशल मार्गदर्शन में महात्मा गांधी जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत आमदी के अध्यक्ष एवं आमदी कालेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री हेमंत माला, नगर पंचायत आमदी के उपाध्यक्ष श्री तेजराम साहू, सी.एम.ओ. व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत गीत, कविता एवं भाषण के साथ हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष व जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री हेमंत माला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वयंसेवकों द्वारा 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक धमतरी जिले के अलग–अलग स्थान पर लगातार चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान की सराहना किया। साथ ही स्वयंसेवकों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद के के विचारों को अपने जीवन पर उतारने हेतु अपील भी किया। महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों के द्वारा नगर पंचायत आमदी के परिसर के आसपास में स्वच्छता कर्मियों के साथ मिलकर के वृहद रूप से साफ सफाई करते हुए पॉलिथीन, प्लास्टिक, डिस्पोजल, ठोस अपशिष्ट व गाजर घास को इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया गया। इसके पश्चात स्वच्छता रैली, स्कूल चौक के पास जल संरक्षण हेतु नुक्कड़ नाटक व स्वच्छता शपथ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्वयंसेवकों ने स्वच्छता कर्मीयों द्वारा नगर के इकट्ठा किए हुए कचरे के रीसाइकलिंग प्रोसेस का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापको सहित कुल 48 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






# महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर रासेयो स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान










# स्वयंसेवकों ने कक्षाओं का सफाई कर चलाया स्वच्छता अभियान

आज दिनांक 16.10.2024 को महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा दैनिक गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर, कक्षाओं व खेल मैदान की गहन सफाई की गई। विशेष रूप से कक्षाओं के आसपास की सफाई कर महाविद्यालय को प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाए रखने के लिए सभी छात्र–छात्राओं को जागरूक किया गया। इसके साथ ही दैनिक गतिविधि कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत, सद्भावना, गीत आदि गीतों का वाचन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापको सहित कुल 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।











# अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा गांधी जयंती का आयोजन

आज दिनांक 24.10.2024 को महाविद्यालय आमदी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं उत्साही युवा मंच धमतरी के द्वारा गांधी जयंती के जन्मोत्सव पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी चलचित्र एवं प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से नरेंद्र कुमार एवं उत्साह युवा मंच के सदस्य सुश्री प्रियांशी एवं भूपेंद्र कुमार उपस्थित थे। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाते हुए स्वदेशी, स्वराज,सत्य व अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई। उनके आदर्श एवं विचार आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। स्वयंसेवकों एवं छात्र–छात्राओं ने महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा छात्र–छात्राओं को महात्मा गांधी के जन्म से लेकर मृत्यु तक की घटनाओं एवं उनके महत्वपूर्ण योगदानों को चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया। इसके बाद स्वयंसेवक एवं छात्र–छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रश्न मंच कार्यक्रम में भी भाग लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित कुल 69 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।








# स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन

आज दिनांक 27.10.2024 को स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता के लिए संदेश दिया। स्वयंसेवकों को संदेश देते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि स्वछता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। स्वच्छता का उद्देश्य केवल आसपास की सफाई नहीं अपितु सभी जगह चाहे वह हमारा घर हो या प्रतिष्ठान हो सभी साफ व स्वच्छ होने चाहिए। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल ने महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं स्वयंसेवकों को स्वच्छता तथा सिंगल यूज्ड का प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने के लिए शपथ दिलाया। स्वयंसेवकों द्वारा पूरे महाविद्यालय परिसर कक्षाओं व स्कूल मैदान का वृद्ध रूप से साफ सफाई किया। इस कार्यक्रम में लगभग 60 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक को सहित कुल 55 स्वयं सेवक उपस्थित रहे।






# महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान

आज दिनांक 14.11.2024 को शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको ने  कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में  महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तथा गंदगी मुक्त महिम को सफल बनाने की शपथ लिया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि  गंदगी मुक्त भारत से तात्पर्य है कि हमें अपने स्वभाव व आचरण में स्वच्छता को अपनाना होगा। इसके लिए घर वह अपने आसपास सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही शिक्षा संस्थानों  को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना होगा। स्वयंसेवकों ने परिसर के आसपास फैले हुए कूड़ा करकट व प्लास्टिक व डिस्पोजल की कचरो को साफ किया तथा उसका सही निस्तारण किया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के  मधुर गीतों का गायन भी किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने  योगदान दिया।






# स्वयंसेवकों द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से शिविर का आयोजन

आज दिनांक 21.11.2024 कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धमतरी एवं आमदी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर में फोटो युक्त निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2025 के तहत महाविद्यालय इन छात्र–छात्राओं का नाम मतदाता सूची में पंजीयन करवाने विशेष शिविर का आयोजन किया गया। स्वीप प्रभारी एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल ने बताया कि इस शिविर में 1 जनवरी के साथ–साथ 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र–छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म 06 भरा गया तथा ऑफलाइन फॉर्म 06 छात्र छात्राओं को बांटकर भरने के लिए निर्देशित किया गया। डॉक्टर श्रीदेवी चौबे ने स्वीप समिति के जागरूकता अभियान की सराहना कि।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित कुल 68 स्वयंसेवक को उपस्थित रहे।











# राष्ट्रीय इकाई द्वारा कौमी एकता सप्ताह का आयोजन

आज दिनांक 22.11.2024 को महाविद्यालय आमदी के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत भाषाई सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल ने बताया कि 19 नवंबर से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाता है। कौमी एकता का मतलब है अनेकता में एकता।उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जन्म जयंती की अवसर पर कौमी एकता सप्ताह दिवस मनाया जाता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित कुल 69 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# महाविद्यालय में संविधान दिवस का आयोजन

आज दिनांक 26.11.2024 को महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राजनीतिक विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संविधान दिवस के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है। व्याख्यान के प्रथम कड़ी में स्वयंसेवको व छात्र –छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने संविधान निर्माण की प्रक्रिया को एवं संविधान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एवं अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों के योगदान को याद किया। राजनीतिक विज्ञान के सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी ने अपने विचार प्रेषित करते हुए कहा कि संविधान की प्रस्तावना संविधान का सार है और इसे संविधान की आत्मा भी कहा जा सकता है। संविधान दिवस संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों के सम्मान की भावना को बढ़ावा देता है। इसके पश्चात स्वयंसेविका कु. रूचि एवं कु.संगीता ने प्राध्यापकों एवं समस्त छात्र–छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। विदित हो कि भारत में संविधान 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया और इसी कारण आज के दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित कुल 55 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।







# रासेयो इकाई द्वारा पूर्ण श्लोक लोकमाता अहिल्या देवी होल्कर जन्म त्रिशताब्दी समारोह का आयोजन।

आज दिनांक 27.11.2024 को महाविद्यालय आमदी के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन अनुसार महाविद्यालय के रासेयो इकाई के तत्वाधान में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयोजक समिति धमतरी के अध्यक्ष श्री महेश शर्मा , उपाध्यक्ष श्री राम अवतार शर्मा , अन्य अतिथि श्री रामकुमार ,श्री राकेश जाधव उपस्थित थे । कार्यक्रम का औपचारिक शुरुआत मां सरस्वती एवं लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर के संघर्ष पूर्ण जीवन पर आधारित प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता महेश शर्मा ने लोकमाता अहिल्यादेवी होलकर के जीवन चरित्र को प्रस्तुत करते हुए कहां की वह बाल्यावस्था से ही असाधारण प्रतिमा के धनी थे तथा वे 16 विषयों में पारंगत थे। विवाह के पश्चात से ही राज्य संचालन के विभिन्न कार्यों का भार उनके ऊपर आ गया जिसका सफलतापूर्वक संचालन उन्होंने किया। उन्होंने लोकहित में विभिन्न कार्य करवाए , जिसमें चार धामों, बारह ज्योतिर्लिंगों व अनेक मंदिरों का पुनरुद्धार धर्मशालाएं नदियों पर बांध ,सड़क , बावड़ी मस्जिद, पीर दरगाह का निर्माण प्रमुख था उनका प्रत्येक कार्य लोकगीत में होने कारण उन्हें लोकमाता की उपाधि मिला । उनका जीवन अपनी निजता को समग्रता के लिए न्योछावर करने वाला था ।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राध्यापको सहित 60 स्वयंसेवकों उपस्थित रहे।











# महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम

आज दिनांक 29.11.2024 महाविद्यालय आमदी में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री अनामिका शर्मा एवं सखी वन टॉप केंद्र की केंद्र प्रशासक श्रीमती उषा ठाकुर ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। केंद्र प्रशासक श्रीमती उषा ठाकुर ने सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा दिए जाने वाले पांच प्रमुख सेवाएं अस्थाई आश्रय पुलिसडेस्क, विधिक सहायता, चिकित्सा ,काउंसलिंग, मनोवैज्ञानिक परामर्श की जानकारी देते हुए बताया कि सखी वन स्टॉप केंद्र भारत सरकार की योजना है,इसका मकसद हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही जगह पर सहायता देना है। महिला संरक्षण अधिकारी सूश्री अनामिका शर्मा ने छात्राओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 व महिलाओं के लिए बने अन्य कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शारीरिक दुर्व्यवहार अर्थात शारीरिक पीड़ा महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन ,गाली देना, मानसिक रूप से परेशान करना इत्यादि ये सभी घरेलू हिंसा कहलाते हैं। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने महिला सशक्तिकरण पर विचार रखा।

इस अवसर पर प्राध्यापकों सहित कुल 45 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।












# महाविद्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

आज दिनांक 02.12.2024 को महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धमतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री ओंकार साहू एवं अन्य तिथि के रूप में श्री हेमंत माला, अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, श्री मनोज साहू भूतपूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी बीएमओ ए. जे. खान ,प्रोफेसर गौकरण प्रसाद जायसवाल आदि उपस्थित थे। विधायक श्री ओंकार साहू ने संस्था को इस रक्तदान शिविर के लिए बधाई देते हुए कहा कि किसी के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान करना सबसे महत्वपूर्ण दान है। उन्होंने आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आपका यह एक प्रयास दूसरे युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगा। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्तियों को अपने जीवन काल में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। पैथोलॉजिस्ट श्री लोकेश साहू ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस शिविर में 25 से अधिक रक्तदाता उपस्थित थे जिसमें से 14 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।












# आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर किया एड्स के प्रति जागरूक

आज दिनांक 03.12.2024 को शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र के अतिथि प्राध्यापक श्री रमेश सिंह ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का विषय **"सही रास्ता अपनाएं, मेरी स्वास्थ्य मेरा अधिकार"** है। उन्होंने बताया कि एचआईवी वायरस की शुरुआत अफ्रीका से हुई और बंदरों से मनुष्य में यह वायरस आया। एचआईवी वायरस मनुष्य के श्वेतरक्त कणिकाओं को प्रभावित करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है। प्राणी शास्त्र के अतिथि प्राध्यापक श्री हेमेंद्र साहू ने स्वयंसेवकों को जागरुक करते हुए कहा कि एचआईवी एड्स से पीड़ित लोगों को विभिन्न प्रकार के भेदभाव का सामना करना पड़ता है और पीड़ित लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां हैं– जैसे हाथ मिलाने से उनके संपर्क में रहने से एचआईवी एड्स होता है। लेकिन हमें पीड़ित व्यक्ति से सद्भावना पूर्ण व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने एचआईवी एड्स वायरस से बचने के विभिन्न सावधानियों के बारे में बताया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों सहित कुल 45 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।






# महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया

आज दिनांक 20.12.2024 शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों छात्र–छात्राओं का सक्रिय भागीदारी रहा। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय और उसके आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई की। उन्होंने पानी की बोटल पॉलिथीन, प्लास्टिक कचरे को सावधानीपूर्वक एकत्र किया और उनका निपटान किया। इस अभियान का मुख्य फोकस स्वच्छता को बढ़ावा देना और पर्यावरण पर प्लास्टिक के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना था। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की।

इस अभियान में 50 से अधिक स्वयंसेवक शामिल थे।



# देश  का प्रकृति परीक्षण अभियान कार्यक्रम

परीक्षण अभियान के तहत प्रकृति परीक्षण किया गया। यह अभियान भारत सरकार आयुष मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में  आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार वात पित्त, कप दोष, ब्लड प्रेशर, शुगर एवं प्रकृति का आकलन, आयुष मंत्रालय के द्वारा बनाए गए मोबाइल **एप्लीकेशन प्रकृति परीक्षण एप्लीकेशन** से किया जा रहा है। जिससे कि लोग आयुर्वेद से जुड़कर अपने व्यक्तिगत  जीवन शैली में बदलाव करे जिससे कि  उनकी आयु बढे व स्वस्थ एवं निरोगी रहे। प्रकृति प्रशिक्षण अभियान कार्यक्रम में डॉ दिनेश कुमार नाग, जिला समन्वयक  देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान जिला धमतरी एवं उनकी टीम उपस्थित रही। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्वयंसेवकों एवं छात्र–छात्राओं काच एप्प के माध्यम से प्रकृति परीक्षण किया गया तथा उनमें आयुर्वेद की प्रति जागरूकता बढ़ाई गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के 60 से अधिक स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।












# स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर का किया साफ–सफाई

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज दिनांक 20.12.2024 को महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस स्वच्छता अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने उगी अनावश्यक घास, खरपतवार और सूखी घास, कंकड़ पत्थर को निकाल कर उसका निस्तारण किया गया। इसके साथ ही परिसर में यत्र–तत्र फैले हुए पॉलिथीन को इकट्ठा करके उसका निस्तारण किया गया। स्वयंसेवकों ने पेड़–पौधों तथा गमले में लगे पौधों को पानी भी दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल ने सभी स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए उद्बोधन भी दिया।

इस पूरे स्वच्छता अभियान में 50 से अधिक स्वयंसेवक शामिल थे।






# रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा वीर बाल दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

आज दिनांक 31.01.2024 को प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देश अनुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वीर बालदिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल ने सिख धर्म के दसवें धर्म गुरु गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत से छात्र–छात्राओं को अवगत कराते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह के नववर्षीय पुत्र जोरावर सिंह और 6 वर्षी पुत्र फतेह सिंह ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए अपना बलिदान कर दिया। सिख पुत्रों की वीरता व अदम्य साहस को सम्मान देने के लिए आज हम बाल दिवस के रूप में मना रहे हैं। ज्ञात हो की माननीय प्रधानमंत्री जी ने 26 दिसंबर 2022 को आज के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाने की घोषणा किया था।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रध्यापको सहित कुल 52 स्वयंसेवक उपस्थित थे।













# खेल मैदान बनाने के लिए स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

आज दिनांक 06.01.2025 को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार एवं रासेयो स्वयंसेवक श्री डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025 के लिए खेल मैदान बनाने के लिए श्रमदान किया, जिसमें स्वयंसेवकों ने लंबी कूद, कबड्डी, दौड़, बैडमिंटन, गोला फेक आदि खेल के लिए  मैदान का निर्माण किया। ज्ञात हो  कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होना है जो कि दिनांक 7 एवं 8 जनवरी को संपन्न होगा। महाविद्यालय की प्राचार्य सहित सभी प्रध्यापकों ने स्वयंसेवकों के श्रमदान की सराहना की।

इस अवसर पर लगभग 65 स्वयंसेवक उनके साथ ही महाविद्यालय सभी प्राध्यापक उपस्थित थे।








# स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय युवा हर्षोउल्लास के साथ मनाया

आज दिनांक 14/01/2025 को प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के मार्गदर्शन मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया । हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य् उनके विचारों और कार्यो को युवाओं तक पहुंचाना है ताकि युवा देश के विकास् मे सक्रिय भूमिका निभा सके । महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री तरुण बैनर्जी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग पर प्रकाश डालते हुये कहा की स्वामी विवेकानंद के जीवन से हमे यह सीखने की जरूरत है की हमारा जीवन उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना ही नहीं बल्कि मूल्यपरक और नैतिकता आधारित होनी चाहिए। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल ने भी स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुये उनके पद चिन्हो पर चलने का संदेश दिया ।

इस अवसर पर महाविधालय के प्राध्यपाकों सहित कुल 60 स्वयंसेवक उपस्थित थे।






# स्वयंसेवकों ने गणतंत्र दिवस के पूर्व महाविद्यालय परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

आज दिनांक 25.01.2025 को रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डिगेश्वर अटल के मार्गदर्शन मे गणतंत्र दिवस के पूर्व स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वछता अभियान के तहत स्वयंसेवकों द्वारा महाविधालय परिसर साईकिल स्टैंड, क्लासरूम व खेल मैदान की साफ –सफाई की गई। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर मे लगे पौधे के आस–पास के खरपतवार की साफ–सफाई कर उसे संरक्षण प्रदान किया गया। श्रमदान के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य् गीत ''उठे समाज के लिये उठे –उठे'' का भी गायन किया गया । इस स्वछता अभियान के लगभग 65 स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया।











# महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

आज दिनांक 26.01.2025 को शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने समस्त छात्र–छात्राओं को संबोधित करते कहा कि हुए गणतंत्र दिवस महान अमर शहीदों को याद करने का दिन है। उनके अथक परिश्रम से ही हमारा संविधान बना और इस संविधान के आधारशिला में हमारा देश विकास की ओर अग्रसर है । इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने अपना विचार प्रकट करते हुए कहा कि शहीदों का संघर्षपूर्ण जीवन हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री डीगेश्वर अटल ने संविधान की प्रस्तावना पर अपना विचार रखा। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी इस अवसर पर गीत और सुविचार के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किये।

महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।











# विभिन्न नियमित गतिविधियों का समाचार–पत्र में प्रकाशन

## आमदी कॉलेज में रोपे पौधे सुरक्षा का भी लिया संकल्प



धमतरी। विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया।

धमतरी। शासकीय नवीन कॉलेज आमदी के रासेयो इकाई व यूथ रेडक्रॉस सोसायटी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर में नीम, करंजी, बादाम, बेल व पीपल जैसे छायादार-फलदार पौधे लगाकर सुरक्षा का संकल्प लिया।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य व जलवायु संकट को ध्यान में रखकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के लिए जागरूक व प्रोत्साहित करना अत्यावश्यक है। पृथ्वी को लंबे समय तक रहने योग्य बनाने के लिए पौधारोपण महत्वपूर्ण है। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी अंकित कुमार बोधवानी ने स्वयंसेवकों को पौधारोपण व उनके संरक्षण के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी अंकित बोधवानी, कॉलेज के डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, तरूण बैनर्जी, छत्रपाल, ईशा, योगिता, योगिता पटेल व दिव्या पटेल उपस्थित रहे।

21/06/2024

## नवीन महाविद्यालय आमदी में योग दिवस का आयोजन

आमदी (प्रखर)। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार महाविद्यालय के रासेयो इकाई व यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, युथ रेडक्रॉस प्रभारी अंकित कुमार बोधवानी व महाविद्यालय के सहा. प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल तथा स्वयं सेवकों की उपस्थिति में प्रातः योगाभ्यास किया। डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने सभी प्राध्यापकों एवं स्वयं सेवकों को प्रणायाम में अनुलाम-विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी कपालभाति व आसन में पदमासन, वज्रासन, गोमुखासन, हलासन, भुजंगासन का अभ्यास करवाया। उन्होंने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग मानव जीवन में अति आवश्यक है। छात्र जीवन में लगातार योगाभ्यास से ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। मन को शांति मिलती है। साथ ही ध्यान केन्द्रित करके पढ़ाई में भी अधिक सफलता प्राप्त कर सकते हैं। स्वयं सेवकों ने प्रतिदिन योगाभ्यास करके स्वस्थ रहने का प्रण लिया।



नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा Dhamtari - 18 Aug 2024 - 18dmt4 epaper.navabharat.news

स्वच्छता हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है- डॉ. गौकरण, छात्रों ने की कॉलेज परिसर की साफ-सफाई

## स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

नवभारत ब्यूरो। धमतरी।

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वच्छता समिति प्रभारी डीगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापक भूगोल के मार्गदर्शन में रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की गयी। इस अवसर पर हिन्दी के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। हमारे आस-पास स्वच्छता रहने से हमारा मन व शरीर दोनों स्वच्छ रहता है। साथ ही उन्होंने रासेयो स्वयंसेवकों को स्वच्छ भारत अभियान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान भारत को स्वच्छ बनाने के लिए शुरू कि गयी पहल है। इस अभियान का उद्देश्य गावों व शहरों को स्वच्छ बनाना तथा स्वच्छता हेतु जागरूकता फैलाना है। स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक, डिस्पोजल के कचरों व छोटे-छोटे खरपतवारों को साफ किया। साथ ही गड्ढों में रुके हुए पानी में मिट्टी डाले ताकि गंदे पानी से फैलने वाले बीमारियों को रोका जा सके। इस अवसर पर कॉलेज के तरूण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, अंकित कुमार बोधवानी सहा. प्राध्यापक वाणिज्य तथा अतिथि प्राध्यापकों में युगेश्वर प्रसाद, भोलाशंकर सेन, मन्नू साहू एवं स्वयंसेवकों में छत्रपाल, संदीप कुमार, कुणाल, डुमेश्वरी, रेणुका आदि उपस्थित रहे।



### परिचर्चा में संदीप, वीडियो मेकिंग में आदिति अव्वल



बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन, रेड रिबन क्लब प्रभारी निरंजन कुमार के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर परिचर्चा, पोस्टर मेकिंग, वीडियो मेकिंग व निबंध लेखन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं का मुख्य विषय एचआईवी रोकथाम पर प्राप्त सुविधा रखा गया। निर्णायकों ने परिचर्चा में संदीप कुमार बीसीएस द्वितीय को प्रथम, संकेत कुमार बीसीएस तृतीय को द्वितीय व अर्चना बघेल एमएससी जुलाजी को तृतीय स्थान प्रदान किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग में संदीप कुमार ने प्रथम, गीतिका बीसीएस द्वितीय ने द्वितीय, गीतांजली एमएससी जूलॉजी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वीडियो मेकिंग में आदिति दिवान एमए इंग्लिश ने प्रथम, अर्चना बघेल ने द्वितीय, रविकांत बीएससी द्वितीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऐसे ही निबंध लेखन में प्रथम स्थान पर काजल साहू, द्वितीय स्थान पर रुद्राणी यादव तथा तृतीय स्थान पर सिद्धांत दुबे रहे। उक्त प्रतिस्पर्धाओं में आकांक्षा कश्यप, किशोर चेलक, निशा तिवारी निर्णायक थे। इस दौरान निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक एक, आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक दो, एनएसएस स्वयंसेवक अपर्णा शर्मा, मोनिका साहू, विवेक साहू, संकेत कुमार साहू, विभा पांडे, ओम मरकाम, डिलेप्रकाश, संदीप यादव, रविकांत, खुशी सहित समस्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा Dhamtari - 24 Aug 2024 - 24dmt2 epaper.navabharat.news

## आमदी में स्वयंसेवकों ने भेंट किया पौधा



धमतरी। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने नगर पंचायत आमदी में घर-घर जाकर लोगों को छायादार पौधा भेंट कर जल संरक्षण हेतु जागरूक किया। यह पूरा अभियान धमतरी जिले के जल-जगार कार्यक्रम के प्रेरणा स्वरूप चलाया जा रहा है। स्वयंसेवकों ने नगरवासियों को बताया कि किस प्रकार वर्षों की अंधाधुंध कटाई नदी, तालाबों के किनारे अतिक्रमण व भूमिगत जल के अंधाधुंध दोहन से धमतरी जिले में पीने व सिंचाई के लिए पानी की कमी लगातार बढ़ रही है। इसलिए सघन वृक्षारोपण डबरी व सोखता निर्माण वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से इस समस्या को कम किया जा सकता है तथा लोगों को संरक्षण के लिए प्रेरित जा सकता है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे व सहायक अध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, तरुण बनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी ने स्वयंसेवकों की इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर स्वयंसेवक छत्रपाल, ईशा, भूमिका, गरिमा, कुलदीप, दीपांशु, संदीप एवं कुणाल साहू आदि उपस्थित थे।

## आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने किया शिक्षकों का सम्मान

शासकीय नवीन कॉलेज आमदी के रासेयो स्वयंसेवकों द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया। सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने भारतीय संस्कृति में शिक्षकों के स्थान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संस्कृति में शिक्षक को भगवान के समान जाना जाता है। उन्होंने आधुनिक समाज में शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि एक अच्छा शिक्षक न केवल अपने छात्रों को ज्ञान प्रदान करता है बल्कि वह समस्याओं का समाधान खोजने के लिए प्रेरित, प्रोत्साहित और जिज्ञासा भी पैदा करता है। सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी ने शिक्षक दिवस के महत्व को बतलाते हुए कहा कि आज का दिन गुरु और शिष्य के बीच बने संबंध को जीने का और गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का त्यौहार है। हमें शिक्षक दिवस के दिन ही नहीं अपितु जीवन भर अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने भी गीत व भाषण के माध्यम से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, अतिथि प्राध्यापकों में युगेश्वर प्रसाद साहू, गोपाल देवांगन, मन्नू लाल साहू एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों में त्रवेंद्र, छत्रपाल, दीपांश, योगिता, ईशा, तुलसीरानी, पूर्वी, खेमेश्वरी, संदीप, कुणाल आदि उपस्थित थे।



रामचंद सोनी, रोली जांगड़े, डॉ. सीएस बांधे, पोखराज साहू, डॉ. जयश्री रणसिंह, पूर्णिमा साहू, तीजन साहू, सुषमा साहू, गीतांजली टंडन, नरेन्द्र साहू, सतीश साहू ने भी अपनी बात रखी। छात्राओं ने गुरूजनों के सम्मान में भाषण और कविता प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विद्या सिन्हा, संजना एमएससी रसायन तृतीय सेमेस्टर ने आभार व्यक्त अंजू साहू एमए राजनीति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर ने किया।

होने के नाते जब देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए और राष्ट्र की शिक्षा नीति से भली भांति अवगत होने के कारण उन्होंने अपने जन्म दिवस को देश के समस्त शिक्षकों को समर्पित किया क्योंकि श्रेष्ठ विचारधारा ही स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निर्वहन करती है। मंच पर उपस्थित शिक्षकों ने अपने वक्तव्य में भारत देश के गुरु शिष्य परंपरा, शिक्षकों का समाज में स्थान व शिष्यों के प्रति कर्तव्य निष्ठा ईमानदारी क्षमाशीलता समदर्शिता समरसता और अनुशासन को सफल जीवन की कुंजी बताई।

नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा Dhamtari - 24 Aug 2024 - 24dmt2 epaper.navabharat.news

## जल जगार अभियान के तहत कॉलेज के स्वयंसेवकों ने जल संरक्षण के लिए लिया शपथ



शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा जल-जगार कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरक्षण के लिए शपथ लिया गया। महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि धमतरी जिले के कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार पूरे जिले में लगातार जल-जगार अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य रेन वाटर हार्वेस्टिंग, डबरी व सोखता निर्माण, भूमिगत जल के दोहन को कम करना और वेस्ट वाटर मैनेजमेंट के माध्यम से शुद्ध पानी को जमीन के अंदर पहुंचना है। यूथ रेडक्रॉस प्रभारी अंकित कुमार बोधवानी ने सभी स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाया कि हम इस जल-जगार अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में जल संरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगे।

# विभिन्न नियमित गतिविधियों का समाचार–पत्र में प्रकाशन

नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 04 Oct 2024 - 04dmt3
epaper.navabharat.news

## आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान



शासकीय नवीन कॉलेज आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत आमदी के अध्यक्ष एवं आमदी कालेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हेमंतमाला, उपाध्यक्ष तेजराम साहू, सीएमओ भूपेश दीवान, विधायक प्रतिनिधि ऐमन साहू, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन कामता साहू उपस्थित थे। हेमंत माला ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपने जीवन में उतारने हेतु अपील भी किया। स्वयंसेवकों के द्वारा नगर पंचायत आमदी के परिसर के आसपास में स्वच्छता कर्मियों के साथ मिलकर के वृहद रूप से साफ सफाई करते हुए पॉलिथीन, प्लास्टिक, डिस्पोजल, ठोस अपशिष्ट व गाजर घास को इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया गया। इसके पश्चात स्वच्छता रैली, स्कूल चौक के पास जल संरक्षण हेतु नुक्कड़ नाटक व स्वच्छता शपथ जैसे कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे, सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल, तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, गोपाल देवांगन, हेमेंद्र साहू, मन्नू लाल साहू आदि ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता अभियान के लिए बधाई दी।

पत्रिका

**कार्यक्रम** : आमदी कॉलेज में रासेयो स्थापना दिवस मनाया गया

## छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना का बहुत बड़ा योगदान - प्रो बैनर्जी




**आमदी @ पत्रिका.** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राशि रासेयो लक्ष्य गीत के साथ हुआ। राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में रासेयो के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रासेयो इकाई छात्र-छात्राओं को एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां वे विभिन्न शैक्षणेत्तर गतिविधियों में भाग लेते हैं, जो उनके भाषायी कौशल, संचार कौशल व अभिव्यक्ति कौशल के विकास को सुनिश्चित करता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही सहपाठयक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए अपील किया। वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार बोधवानी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना का संक्षिप्त परिचय देते हुए उसके उद्देश्यों एवं लक्ष्यों पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्र म अधिकारी डीगेश्वर अटल के साथ ही स्वयंसेवक ईशा साहू व योगिता साहू ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। मंच संचालन आकांक्षा बीएससी तृतीय वर्ष ने किया। मौके पर अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, गोपाल देवांगन, हेमेंद्र साहू, मन्नूलाल साहू, स्वयंसेवक छत्रपाल, योगिता पटेल, केश कुमार, जानकी, प्राची एवं कुणाल आदि उपस्थित थे।

26/09/2024 | Dhamtari | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 02 Sep 2024 - 02dmt4
epaper.navabharat.news

**आयोजन** शासकीय नवीन कॉलेज आमदी में हुआ रासेयो के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## रासेयो के माध्यम से स्वयंसेवकों का होता है व्यक्तित्व विकास

**नवभारत ब्यूरो । धमतरी।**



शासकीय नवीन कॉलेज आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में नवप्रवेशित स्वयंसेवकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक प्राध्यापक तरुण बनर्जी ने किया तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में शासकीय पीजी कालेज धमतरी से निरंजन साहू, रासेयो जिला संगठन, धमतरी व शासकीय कॉलेज कंडेल से रासेयो कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिंह उपस्थित रहे। डुमेश्वरी एवं साथी ने रासेयो लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात संगीता एवं साथी ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तरुण बनर्जी ने रासेयो उन्मुखीकरण कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया। रासेयो जिला संगठक निरंजन साहू ने रासेयो की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 से इस की शुरुआत हुई। साथ ही उन्होंने रासेयो के सिद्धांत, वाक्य, थीम, प्रेरणा स्रोतरासेयो चिन्ह, बैच, लक्ष्य उद्देश्य, सर्टिफिकेट व उसके लाभ, सात दिवसीय विशेष शिविर, जिला स्तरीय शिविर, राज्य स्तरीय शिविर, राष्ट्रीय एकता शिविर आदि की विस्तृत जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ पीतांबर सिन्हा ने कहा कि रासेयो से जोड़कर स्वयं सेवक समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित में साक्षरता अभियान स्वच्छता पर्यावरण सुरक्षा नारी उत्थान अभियान नशामुक्ति अभि यान, रक्तदान स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जैसे कार्य करते हैं। जिनसे उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। कार्यक्रम में अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद, मन्नूलाल साहू, कॉलेज के कर्मचारी एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों में छत्रपाल, कुलदीप, रोशन, ईशा, योगिता, दिव्यापटेल, प्राची, साहिल, दीपांशु, गरिमा उपस्थित थे। आभार अंकित कुमार बोधवानी ने, संचालन कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने किया।

पत्रिका

**कार्यक्रम:** राष्ट्रीय एकता शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी

## आमदी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**आमदी.** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. डीगेश्वर अटल के मार्गदर्शन में नव प्रवेशित स्वयंसेवकों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सहा. प्राध्यापक तरुण बनर्जी ने किया तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में शासकीय पीजी कालेज धमतरी से प्रोफेसर निरंजन साहू, रासेयो जिला संगठन, धमतरी व शासकीय महाविद्यालय कंडेल से रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो पीतांबर सिंह उपस्थित रहे। कार्यर म का शुभारंभ मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। पश्चात डुमेश्वरी एवं साथी ने रासेयो लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। संगीता एवं साथी ने अतिथियों के स्वागत में गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर तरुण बनर्जी ने रासेयो उन्मुखीकरण कार्यर म के महत्व के बारे में बताया। रासेयो जिला संगठक प्रोफेसर. निरंजन साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 से इस की शुरुआत हुई। साथी उन्होंने रासेयो के सिद्धांत, वाक्य, थीम, प्रेरणा स्रोत रासेयो चिन्ह, बैच, लक्ष्य उद्देश्य, सर्टिफिकेट व उसके लाभ, सात दिवसीय विशेष शिविर, जिला स्तरीय शिविर, राज्य स्तरीय शिविर, राष्ट्रीय एकता शिविर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ प्रो पीतांबर सिन्हा ने राष्ट्रीय सेवा योजना से व्यक्तित्व निर्माण विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जोड़कर स्वयंसेवक समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित में साक्षरता अभियान स्वच्छता पर्यावरण सुरक्षा नारी उत्थान अभियान नशा मुक्ति अभियान, रक्तदान स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जैसे कार्य करते हैं जिनसे उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी के रूप में अपने अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर डीगेश्वर अटल व आभार प्रदर्शन प्रोफेसर अंकित कुमार बोधवानी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद, मन्नूलाल साहू, स्वयंसेवक छत्रपाल, कुलदीप, रोशन, ईशा, योगिता, दिव्या पटेल, प्राची, साहिल, दीपांशु, गरिमा आदि का योगदान रहा।

02/09/2024 | Dhamtari | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

# विभिन्न नियमित गतिविधियों का समाचार–पत्र में प्रकाशन

पत्रिका

कार्यक्रम : शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन

## महात्मा गांधी के विचार प्रासंगिक : जायसवाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**आमदी.** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एवं उत्साही युवा मंच धमतरी द्वारा गांधी जयंती के जन्मोत्सव पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी, चलचित्र एवं प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से नरेंद्र कुमार एवं उत्साह युवा मंच के सदस्य प्रियांशी एवं भूपेंद्र कुमार उपस्थित थे। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने अतिथियों का सम्मान किया। डॉ. जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाते हुए स्वदेशी, स्वराज, सत्य व अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई। उनके आदर्श एवं विचार आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। पश्चात अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को महात्मा गांधी के जन्म से लेकर मृत्यु तक के घटनाक्रमों एवं उनके महत्वपूर्ण योगदानों को चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया। इसके बाद स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रश्न-मंच कार्यक्रम में भी भाग लिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापकों में अंकित कुमार बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद, गोपाल देवांगन, मन्नु लाल साहू एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों में छत्रपाल, भूमिका, योगिता, आकांक्षा, उमेश्वरी, खुशबू एवं वेद प्रकाश आदि उपस्थित थे।

27/10/2024 | Dhamtari | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Raipur Dhamtari Bhoomi - 22 Nov 2024 - Page 4

## आमदी कॉलेज में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)



आमदी कालेज परिसर में फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के तहत छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में पंजीयन करवाने विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

स्वीप प्रभारी एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने बताया कि शिविर में 1 जनवरी के साथ-साथ 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से आनलाइन फार्म 06 भरा गया। प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे ने स्वीप समिति के जागरूकता अभियान की सराहना की। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं को आने वाले ग्राम पंचायत व नगर निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आह्वान किया।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी, अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, तेजल यादव, गोपाल देवांगन, हेमेंद साहू, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू उपस्थित थे। शिविर में रासेयो स्वयंसेवक छत्रपाल, साहिल, योगिता, ईशा, कुणाल, संदीप का विशेष योगदान रहा।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Dhamtari - 26 Nov 2024 - 26dmt3
epaper.navabharat.news

## आमदी कॉलेज में भाषाई सद्भावना दिवस का आयोजन



धमतरी। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार रासेयो इकाई द्वारा कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत भाषाई सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने बताया कि 19 नवंबर से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाता है। कौमी एकता का मतलब है अनेकता में एकता। कौमी एकता दिवस धर्म निरपेक्षता अहिंसा, भाषाई सौहार्द्र, कमजोर वर्गों के विकास और खुशहाली, अल्पसंख्यकों के मुद्दों को उजागर करने के लिए आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर कौमी एकता दिवस मनाया जाता है। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल ने बताया कि हमारा देश भाषाई विविधता का देश है। उन्होंने देश के सामुदायिक एकता के लिए भाषाई विविधता को अपनाना क्यों महत्वपूर्ण है इस बात पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, तेजल यादव, गोपाल देवांगन, हेमेंद साहू, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू, रासेयो स्वयंसेवकों में छत्रपाल, साहिल, योगिता, ईशा, कुणाल, संदीप, तुलसी रानी, गजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Raipur Dhamtari Bhoomi - 27 Nov 2024 - Page 2

## आमदी कॉलेज में भाषायी सद्भावना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)



■ भारत भाषायी विविधता का देश : जायसवाल

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की प्राचार्य डा. श्रीदेवी चौबे के निर्देश पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कौमी एकता सप्ताह अंतर्गत भाषायी सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डिगेश्वर अटल ने बताया कि 19 से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाता है। कौमी एकता का मतलब है अनेकता में एकता। कौमी एकता दिवस धर्म निरपेक्षता, अहिंसा, भाषायी सौहार्द्र, कमजोर वर्गों के विकास और खुशहाली, अल्पसंख्यकों के मुद्दों को उजागर करने के लिए आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की जन्म जयंती पर कौमी एकता दिवस मनाया जाता है। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डा. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि हमारा देश भाषायी विविधता का देश है। उन्होंने देश की सामुदायिक एकता के लिए भाषायी विविधता को अपनाना क्यों महत्वपूर्ण है, इस बात पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, तेजल यादव, गोपाल देवांगन, हेमेंद्र साहू, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू, रासेयो स्वयंसेवक छत्रपाल, साहिल, योगिता, ईशा, कुणाल, संदीप, तुलसी रानी, गजेंद्र उपस्थित थे।

# विभिन्न नियमित गतिविधियों का समाचार–पत्र में प्रकाशन

नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Dhamtari - 04 Dec 2024 - 04dmt4
epaper.navabharat.news

## आमदी महाविद्यालय में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन



धमतरी। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू एवं अन्य अतिथि के रूप में हेमंत माला अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, मनोज साहू भूतपूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी बीएमओ एजेखान, प्रोफेसर गौकरण प्रसाद जायसवाल उपस्थित थे। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि किसी के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान करना सबसे महत्वपूर्ण दान है। उन्होंने आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आपका यह एक प्रयास दूसरे युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगा। पैथोलॉजिस्ट लोकेश साहू ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट किया। शिविर में 14 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. केके साहू, महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी प्रभारी अंकित कुमार बोधवानी, तेजल यादव व अन्य प्राध्यापकों के साथ स्वयंसेवकों में ईशा, हिमांशु, कंचन, आकांक्षा, कुणाल, वेद प्रकाश, साहिल, केश कुमार आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Raipur Dhamtari Bhoomi - 04 Dec 2024 - Page 2

## शिविर में 14 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

■ आमदी कालेज एवं पीएचसी में आयोजित हुआ शिविर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी की रासेयो इकाई, यूथ रेडक्रास सोसाइटी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू, हेमंत माला अध्यक्ष नपं आमदी, मनोज साहू पूर्व अध्यक्ष नपं आमदी, बीएमओ एजे खान, प्रो. गौकरण प्रसाद जायसवाल थे।

इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि किसी का जीवन बचाने के लिए रक्तदान करना सबसे महत्वपूर्ण दान है। उन्होंने स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आपका यह एक प्रयास दूसरे युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगा। हेमंत माला ने कहा कि वे स्वयं कई बार रक्तदान कर चुके हैं। यहां के युवा हमेशा इस पुण्य कार्य के लिए तत्पर रहते हैं। डा. जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

पैथोलॉजिस्ट लोकेश साहू ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र भेंट किया। शिविर में 25 से अधिक रक्तदाता उपस्थित थे, जिसमें से 14 ने रक्तदान किया।

मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. केके साहू, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, यूथ रेडक्रास सोसाइटी प्रभारी अंकित बोधवानी, तेजल यादव समेत स्वयंसेवक ईशा, हिमांशु, कंचन, आकांक्षा, कुणाल, वेदप्रकाश, साहिल, केशकुमार उपस्थित थे।

पत्रिका

शिविर: यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी, पीएचसी आमदी, रासेयो ने किया आयोजन

## शिविर में 14 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



आमदी. रक्तदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

आमदी. शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आमदी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धमतरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओंकार साहू एवं अन्य अतिथि के रूप में हेमंत माला, अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी, मनोज साहू, भूतपूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत आमदी बीएमओ एजे खान, प्रोफेसर गौकरण प्रसाद जायसवाल आदि उपस्थित थे। विधायक ओंकार साहू ने संस्था को इस रक्तदान शिविर के लिए बधाई देते हुए कहा कि किसी के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान करना सबसे महत्वपूर्ण दान है। उन्होंने आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों का उत्साह बढ़ते हुए कहां की आपका यह एक प्रयास दूसरे युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगा। हेमंत माला ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वह स्वयं कई बार रक्तदान करके इस पुण्य कार्य में भाग ले चुके हैं। साथ ही आमदी के युवाओं के प्रशंसा करते हुए बताया कि यहां के युवा हमेशा इस पुण्य कार्य के लिए तत्पर रहते हैं। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन कल में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। पैथोलॉजिस्ट लोकेश साहू ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंटकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस शिविर में 25 से अधिक रक्तदाता उपस्थित थे, जिसमें से 14 ने रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ केके साहू, महाविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी प्रभारी अंकित कुमार बोधवानी, तेजल यादव व अन्य प्राध्यापकों के साथ स्वयंसेवकों में ईशा, हिमांशु, कंचन, आकांक्षा, कुणाल, वेद प्रकाश, साहिल, केश कुमार आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Raipur Dhamtari Bhoomi - 29 Nov 2024 - Page 2

## अहिल्या बाई होल्कर के कार्यों को किया याद



आमदी(धमतरी)। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती पर व्याख्यान माला आयोजित हुई। मुख्य वक्ता महेश शर्मा जिला अध्यक्ष पुण्य श्लोक लोक माता देवी अहिल्या बाई होल्कर त्रि शताब्दी समारोह आयोजन समिति धमतरी ने अहिल्या बाई होल्कर के सम्पूर्ण जीवन परिचय एवं उनके द्वारा लोकहित के कार्यों की जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य जायसवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में रामअवतार शर्मा उपाध्यक्ष, राजकुमार धमतरी खण्ड प्रचारक, राकेश जाधव सदस्य व महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

# विभिन्न नियमित गतिविधियों का समाचार–पत्र में प्रकाशन

## अहिल्यादेवी होल्कर का जीवन अपनी निजता को समग्रता के लिए न्योछावर करने वाला था : महेश शर्मा



### शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में हुआ जयंती समारोह का आयोजन

धमतरी 29 नवंबर (डीलक्स समाचार)। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार महाविद्यालय के रासेयो इकाई के तत्वाधान में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर की 300 जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयोजक समिति धमतरी के अध्यक्ष महेश शर्मा, उपाध्यक्ष रामअवतार शर्मा, अन्य तिथि राजकुमार, राकेश जाधव उपस्थित थे।

महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर का संक्षिप्त परिचय दिया। इसके पश्चात राजकुमार, नगर एवं खंड प्रचारक धमतरी ने अहिल्यादेवी होल्कर के संघर्षपूर्ण जीवन पर आधारित प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महेश शर्मा ने लोक माता अहिल्यादेवी होल्कर के जीवन चरित्र को प्रस्तुत करते हुए कहा कि वह बाल्यावस्था से ही असाधारण प्रतिभा के धनी थे। वे 16 विषयों में पारंगत थे। विवाह के पश्चात से ही राज्य संचालन के विभिन्न कार्यों का भार उनके ऊपर आ गया, जिसका सफलतापूर्वक संचालन किया। उन्होंने लोकहित में विभिन्न कार्य करवाए, जिसमें चार धामों, बारह ज्योतिर्लिंगों व अनेक मंदिरों का पुनरूद्धार, धर्मशालाएं, नदियों पर बांध, सड़क, बावड़ी, मस्जिद पीर दरगाह का निर्माण प्रमुख था। उनका प्रत्येक कार्य लोकहित में होने के कारण उन्हें लोकमाता की उपाधि मिला। उनका जीवन अपनी निजता को समग्रता के लिए न्योछावर करने वाला था।

---

**पत्रिका**

कार्यक्रम : आमदी के शासकीय कॉलेज में जयंती समारोह का हुआ आयोजन

## अहिल्यादेवी की जयंती पर विविध आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



आमदी. शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में रासेयो इकाई के तत्वावधान में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर की 300वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक समिति धमतरी के अध्यक्ष महेश शर्मा, उपाध्यक्ष राम अवतार शर्मा, राजकुमार, राकेश जाधव ने मां सरस्वती एवं लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर का संक्षिप्त परिचय दिया। इसके पश्चात राजकुमार, नगर एवं खंड प्रचारक धमतरी ने अहिल्यादेवी होल्कर के संघर्षपूर्ण जीवन पर आधारित प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता महेश शर्मा ने लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर के जीवन चरित्र को प्रस्तुत करते हुए कहा कि वह बाल्यावस्था से ही असाधारण प्रतिभा के धनी थी। वे 16 विषयों में पारंगत थी। विवाह के पश्चात से ही राज्य संचालन के विभिन्न कार्यों का भार उनके ऊपर आ गया, जिसका सफलतापूर्वक संचालन उन्होंने किया। उन्होंने लोकहित में विभिन्न कार्य करवाए, जिसमें चार धामों, बारह ज्योतिर्लिंगों व अनेक मंदिरों का पुनरुद्धार, धर्मशालाएं, नदियों पर बांध, सड़क, बावड़ी, मस्जिद, पीर दरगाह का निर्माण प्रमुख था। उनका प्रत्येक कार्य लोकहित में होने के कारण उन्हें लोकमाता की उपाधि मिली। उनका जीवन अपनी निजता को समग्रता के लिए न्योछावर करने वाला था। आयोजन को सफल बनाने में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार बोधवानी, युगेश्वर साहू, गोपाल देवांगन, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू, साहिल, ईशा, खुशबू, योगिता आदि का योगदान रहा।

---

**नवभारत** छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Dhamtari - 30 Nov 2024 - 30dmt2
epaper.navabharat.news

## आमदी कॉलेज में हुआ जयंती समारोह का आयोजन



धमतरी। शासकीय नवीन कॉलेज आमदी के रासेयो इकाई के तत्वाधान में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्यादेवी होल्कर की 300वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आयोजक समिति धमतरी के अध्यक्ष महेश शर्मा, उपाध्यक्ष राम अवतार शर्मा, अन्य अतिथि राजकुमार, राकेश जाधव उपस्थित थे। सहायक प्राध्यापक डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल ने अहिल्यादेवी होल्कर का संक्षिप्त परिचय दिया। इसके पश्चात राजकुमार, नगर एवं खंड प्रचारक धमतरी ने अहिल्यादेवी होल्कर के संघर्षपूर्ण जीवन पर आधारित प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता महेश शर्मा ने अहिल्यादेवी होल्कर के जीवन चरित्र को प्रस्तुत करते हुए कहा कि वह बाल्यावस्था से ही असाधारण प्रतिभा की धनी थी। उनका प्रत्येक कार्य लोकहित में होने के कारण उन्हें लोकमाता की उपाधि मिली। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल, सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार बोधवानी, अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर साहू, गोपाल देवांगन, रमेश सिंह, मन्नूलाल साहू, स्वयंसेवकों में साहिल, ईशा, खुशबू, योगिता उपस्थित थे।

---

## आमदी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाकर एड्स के प्रति किया जागरूक



धमतरी 05 दिसंबर ( डीलक्स समाचार )। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र के अतिथि प्राध्यापक ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का विषय ''सही रास्ता अपनाएं मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार'' है। उन्होंने बताया कि एचआईवी वायरस की शुरुआत अफ्रीका से हुई और बंदरों से मनुष्य में यह वायरस आया। एचआईवी वायरस मनुष्य के श्वेतरक्त कणिकाओं को प्रभावित करता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम करता है। प्राणीशास्त्र के अतिथि प्राध्यापक हेमेंद्र साहू ने स्वयंसेवकों को जागरुक करते हुए कहा कि एचआईवी एड्स से पीड़ित लोगों को विभिन्न प्रकार के भेदभाव का सामना करना पड़ता है और पीड़ित लोगों के लिए विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां हैं, जैसे- हाथ मिलाने से, उनके संपर्क में रहने से एचआईवी एड्स होता है। लेकिन हमें पीड़ित व्यक्तियों से सद्भावना पूर्ण व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने एचआईवी एड्स वायरस से बचने के विभिन्न सावधानियों के बारे में भी बताया।

# विभिन्न नियमित गतिविधियों का समाचार–पत्र में प्रकाशन

## आमदी कॉलेज के छात्राओं को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए किया गया जागरूक



धमतरी 02 दिसम्बर ( डीलक्स समाचार )। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान पूरे धमतरी जिले में 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। केंद्र प्रशासक उषा ठाकुर ने सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा दिए जाने वाले पांच प्रमुख सेवाएं अस्थाई आश्रय, पुलिस डेस्क, विधिक सहायता, चिकित्सा काउंसलिंग, मनोवैज्ञानिक परामर्श की जानकारी देते हुए बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर भारत सरकार की एक योजना है। इसका मकसद हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही जगह पर सहायता देना है। इस योजना के तहत शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक शोषण का सामना करने वाली महिलाओं को मदद दी जाती है। महिला संरक्षण अधिकारी सुश्री अनामिका शर्मा ने छात्राओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 व महिलाओं के लिए बने अन्य कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शारीरिक दुर्व्यवहार अर्थात शारीरिक पीड़ा, अपहानि या जीवन या स्वास्थ्य को खतरा या लैंगिक दुर्व्यवहार अर्थात महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन, अपमान या तिरस्कार करना, आर्थिक दुर्व्यवहार, उपहास, गाली देना, वित्तीय संसाधनों जिसकी वह हकदार है से वंचित करना, मानसिक रूप से परेशान करना इत्यादि ये सभी घरेलू हिंसा कहलाते हैं। इस अधिनियम का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाना और उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने भी महिला सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार रखा।

## छात्राओं को महिला संरक्षण व सखी वन स्टॉप सेंटर की दी गई जानकारी

दबंग दुनिया ◆ धमतरी



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से धमतरी में एक 16 दिवसीय सक्रियता अभियान का आयोजन किया गया हैं। यह अभियान 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलेगा, जो मानव अधिकार दिवस के अवसर पर संपन्न होगा।इस अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय आमदी, छात्राओं को महिला संरक्षण व सखी वन स्टॉप सेंटर की जानकारी प्रदान की गई। सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक उषा ठाकुर ने संस्था के द्वारा दिए जाने वाले पांच प्रमुख सेवाओ की जानकारी प्रदान की साथ ही बाल संरक्षण व कुपोषण के रोकथाम की जानकारी देकर महिला बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया। वही संरक्षण अधिकारी सुश्री अनामिका शर्मा ने महिला संरक्षण अधिनियम घरेलू हिंसा की विस्तृत जानकारी देते हुए बाल विवाह, घरेलू हिंसा की रोकथाम व कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न की इलेक्ट्रॉनिक शिकायत पोर्टल सी बॉक्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही अंत में अनामिका शर्मा द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,हिंसा व कुपोषण मुक्त समाज सहित बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलवाई.. इसके अलावा महाविद्यालय कंडेल, संबलपुर, भोथली विद्यालय, आत्मानन्द शासकीय विद्यालय हटकेशर, विद्याकुज मेमोरियल हटकेशर आदि जगहो में भी शिविर आयोजित किया गया।

## आमदी कॉलेज की रासेयो इकाई ने कौमी एकता सप्ताह पर भाषाई सद्भावना दिवस का किया आयोजन



धमतरी 25 नवंबर ( डीलक्स समाचार )। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्राचार्य, डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत भाषाई सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने बताया कि 19 से 25 नवंबर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया जाता है।

कौमी एकता का मतलब है अनेकता में एकता। कौमी एकता दिवस धर्मनिरपेक्षता, अहिंसा, भाषाई सौहार्द, कमजोर वर्गों के विकास और खुशहाली, अल्पसंख्यकों के मुद्दों को उजागर करने के लिए आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर कौमी एकता दिवस मनाया जाता है। हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि हमारा देश भाषाई विविधता का देश है । उन्होंने देश के सामुदायिक एकता के लिए भाषाई विविधता को अपनाना क्यों महत्वपूर्ण है इस बात पर प्रकाश डाला।

नवभारत छत्तीसगढ़ • ओडिशा Dhamtari - 02 Dec 2024 - 02dmt4 epaper.navabharat.news

## घरेलू हिंसा रोकने के लिए दी जानकारी



### आमदी कॉलेज में चलाया जा रहा जनजागरुकता अभियान

**धमतरी।** शासकीय नवीन कॉलेज आमदी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान पूरे धमतरी जिले में 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला संरक्षण अधिकारी अनामिका शर्मा एवं सखी वन स्टाफ केंद्र की केंद्र प्रशासक उषा ठाकुर ने किया। उषा ठाकुर ने सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा दिए जाने वाले पांच प्रमुख सेवाएं अस्थाई आश्रय, पुलिस डेस्क, विधिक सहायता, चिकित्सा काउंसलिंग ए मनोवैज्ञानिक परामर्श की जानकारी देते हुए बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर भारत सरकार की एक योजना है। इसका मकसद हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही जगह पर सहायता देना है। इस योजना के तहत शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक शोषण का सामना करने वाली महिलाओं को मदद दी जाती है। महिला संरक्षण अधिकारी अनामिका शर्मा ने छात्राओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 व महिलाओं के लिए बने अन्य कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शारीरिक दुर्व्यवहार अर्थात शारीरिक पीड़ा, अपहानि या जीवन या स्वास्थ्य को खतरा या लैंगिक दुर्व्यवहार अर्थात महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन, अपमान या तिरस्कार करना, आर्थिक दुर्व्यवहार, उपहास, गाली देना, वित्तीय संसाधनों जिसकी वह हकदार है से वंचित करना, मानसिक रूप से परेशान करना इत्यादि ये सभी घरेलू हिंसा कहलाते हैं। इस अधिनियम का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाना और उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने भी महिला सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार रखे। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने आभार व्यक्त किया, साथ ही छात्राओं को शासन के विभिन्न योजनाओं व उसके कार्यप्रणाली की जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.श्रीदेवी चौबे एवं सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी अंकित कुमार बोधवानी ने कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा की। इस अवसर पर अतिथि प्राध्यापक डॉ. उपमा, यूगेश्वर प्रसाद, मन्नूलाल साहू, हेमेंद्र साहू, रमेश सिंह व स्वयंसेवकों में आकांक्षा, ईशा, गरिमा, खुशबू, योगिता, उमेश्वरी पायल, देवकुमारी आदि उपस्थित थे।

## नवीन महाविद्यालय आमदी में वीर बाल दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



धमतरी 31 दिसंबर ( डीलक्स समाचार )। शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने सिख धर्म के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों की शहादत से छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह के 9 वर्षीय पुत्र जोरावर सिंह व 6 वर्षी पुत्र फतेह सिंह ने धर्म व मानवता की रक्षा के लिए अपना बलिदान कर दिया। सिख पुत्रों की वीरता व अदम्य साहस को सम्मान देने के लिए वीर बाल दिवस के रूप में मनाते है. ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री मोदी ने 26 दिसंबर 2022 को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाने की घोषणा की थी.महाविद्यालय के अतिथि प्राध्यापक तेजल यादव वह छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर अपने विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान कुमारी विभा बीए प्रथम सेमेस्टर तथा द्वितीय स्थान कुमारी खुशबू साहू बीए सेमेस्टर ने प्राप्त किया इस दौरान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ गौकरण प्रसाद जायसवाल, तरुण बैनर्जी, अंकित कुमार बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद, मन्नू लाल साहू एवं महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।